## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए राज्यभर में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान, बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर से मतदान के लिए बनेगी टीम।

2- भारतीय प्रबंधन संस्थान– आईआईएम रांची का 13वां दीक्षान्त समारोह आज, साढ़े तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों को दी जाएगी डिग्री।

3- धनबाद के प्रधानखंता में बेपटरी हुई मालगाड़ी, हावड़ा–दिल्ली रेलमार्ग पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित, हावड़ा–रांची शताब्दी सहित कई ट्रेनें रुकीं।

4- बोकारो स्टील प्लान्ट की गैस पाइपलाइन में गैस के रिसाव के बाद लगी आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं।

5- रामगढ़ के चुट्टूपालू घाटी में एक ट्रक ने पांच गाड़ियों में मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, एक दर्जन से अधिक लोग हुए घायल।

************************

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर राज्यभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कल पाकुड़ के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही मतदाता सूची में अहर्ता पूरी करने वाले सभी लोगो का नाम दर्ज करने पर विशेष जोर दिया। इधर रांची, रामगढ़ सहित अन्य जिले के उपायुक्तों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उधर सरायकेला खरसावां के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने बैठक कर मतदान केन्द्रो पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए टीम का गठन किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि घर से मतदान के लिए एक फॉर्म भरना होगा जो चुनाव आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

************************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान में लोगों की भागीदारी बढाने के लिए चयनित जिलों के चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र के अनुसार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग–अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कल नई दिल्ली में झारखंड सहित ग्यारह राज्यों के निगम आयुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की।

************************

दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कल खूंटी परिसदन में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इस दौरान चुनाव को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा निष्पादित कार्यों की समीक्षा की गई।

************************

गिरिडीह जिला प्रशासन की ओर से शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

************************

लोकसभा चुनाव के दौरान धन के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए सरायकेला जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर इंटर स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाकर जांच अभियान चलाया

जा रहा है। इसी कड़ी में कल रात एसटीएफ और पुलिस ने आदित्यपुर टोल ब्रिज के पास से एक कार से 22 लाख 30 हजार रुपये बरामद किये है।

************************

भारतीय प्रबंधन संस्थान– आइआइएम रांची के 13वें दीक्षांत समारोह का आयोजन आज किया जा रहा है। इस समारोह में साढ़े तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इनमें सत्र 2022–24 में शामिल एमबीए के 213, पीएचडी के 5 और पीएचडी एग्जीक्यूटिव के 3 शोधार्थी सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हैं।

************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

************************

धनबाद के प्रधानखंता स्टेशन पर आज एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस कारण धनबाद–सिंदरी–टाटा रेल मार्ग के साथ हावड़ा–दिल्ली रेलमार्ग पर भी ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है। हावड़ा–रांची शताब्दी समेत कई ट्रेनें अलग–अलग स्टेशनों पर रोक दी गयी हैं। घटना को लेकर स्टेशन मास्टर की ओर से रेलवे कंट्रोल को सूचना देने के बाद धनबाद से दुर्घटना राहत यान भेजा गया है।

************************

बोकारो स्टील प्लांट हॉटस्ट्रीट मिल की मिक्स्ड गैस पाइपलाइन में आज सुबह गैस के रिसाव से आग लग गई। इस घटना के बाद प्लांट में अफरातफरी मच गई और कई कर्मचारी और मजदूर बाहर भागने लगे। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एहतियात के तौर पर कर्मचारी और मजदूरों को हॉटस्ट्रीट मिल की तरफ जाने से मना किया गया है। संयंत्र के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि गैस ऐनालाइजर से जांच की गई है और फिलहाल रिसाव नही हो रहा है।

************************

रांची–पटना मुख्य मार्ग पर रामगढ़ जिले के चुडूपालू घाटी में आज पाइप लदे एक ट्रक ने पांच गाड़ियों में टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। पांच गाड़ियों में एक बस भी शामिल है। इसके साथ ही दो चार पहिया वाहन और दो दोपहिया वाहन भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा है।

************************

खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के तीन हार्डकोर सदस्यों को देसी कट्टा और लेवी के पैसे के साथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि सभी उग्रवादी पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा के कहने पर बाजार के कारोबारियों से लेवी वसूली और किसी घटना को अंजाम देने वाले थे।

***********************

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा सहित अन्य नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं हैं। इधर भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर आज राजधानी रांची सहित राज्यभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रांची के सांसद संजय सेठ आज पार्टी के अरगोड़ा स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन कर रहे हैं। इसका विषय है– रांची लोकसभा क्षेत्र में किए गए विकास की गाथा और वर्तमान परिदृश्य में मोदी की जरूरत।

***********************

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है और यह पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश देता है। श्रीमुंडा कल रांची के तमाड़ स्थित राजाबाड़ी प्रांगण में सरहुल को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

***********************

- देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने बाजला चौक और आसपास के चौक–चौराहों पर स्कूल के समय में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए सोमवार से सुबह छह से नौ बजे तक वन–वे ट्रैफिक प्लान का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया है।
- झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने देवघर के मधुपुर और करौन प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली।
- जमशेदपुर में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी के तहत बिष्टुपुर थाने की पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चार अपराधियो को गिरफ्तार किया है।
- जमशेदपुर मे यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पिछले एक सप्ताह से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा साकची में अभियान चलाकर ठेला वालों और फुटपाथ वालों को हटाया जा रहा है।
- हजारीबाग जिले की चौपारण थाना की पुलिस ने 14 गोवंशीय पशु के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

***********************

सरायकेला जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में चार अप्रैल की शाम एक युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी चांडिल एसडीपीओ सुनील कुमार राजवर ने दी है।

***********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी सिथत बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए कल से खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट हंट का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल तक चलनेवाले इस शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण –साई द्वारा किया जा रहा है। इसमें नौ से 18 वर्ष तक के एथलेटिक्स, फुटबॉल, हाकी और तीरंदाजी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

******समाप्त****************